# 3 विधानमण्डल

1. राजस्थान में कौनसी विधानसभा के दौरान विधानसभा पाँच वर्ष से पूर्व भंग हुई तथा मध्यावधि चुनाव करवाने पड़े?
(1) तीसरी विधानसभा (2) चौथी विधानसभा
(3) पांचवीं विधानसभा (4) छठी विधानसभा (4)

व्याख्या– छठी विधानसभा की अवधि 1977–1980 थी, उस समय राजस्थान के मुख्यमंत्री भैरोंसिंह शेखावत थे। फरवरी, 1980 में जनता पार्टी की सरकार गिराकर राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया।

2. संविधान के किन अनुच्छेदों में राज्य विधानमण्डल से संबंधित प्रावधान किया गया है?
(1) अनुच्छेद 122– 156 (2) अनुच्छेद 168– 212
(3) अनुच्छेद 142– 192 (4) अनुच्छेद 192– 223 (2)

3. राजस्थान की किस रियासत ने सर्वप्रथम विधानसभा गठन की दिशा में प्रयास किए?
(1) बीकानेर (2) जोधपुर
(3) जयपुर (4) मेवाड़ (1)

4. संविधान के किस अनुच्छेद में राज्यों में विधानमण्डलों के गठन का प्रावधान किया गया है?
(1) अनुच्छेद 188 (2) अनुच्छेद 178
(3) अनुच्छेद 198 (4) अनुच्छेद 168 (4)

5. वर्तमान में भारत के कितने राज्यों में द्वि–सदनात्मक विधानमण्डल हैं?
(1) 5 (2) 6
(3) 7 (4) 8 (2)

व्याख्या– भारत में द्वि–सदनात्मक विधानमंडल वाले राज्य– उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, आन्ध्रप्रदेश, कर्नाटक व तेलंगाना।

6. राजस्थान की कौनसी विधानसभा की अवधि में प्रथम बार राष्ट्रपति शासन लगाया गया?
(1) तीसरी विधानसभा (2) चौथी विधानसभा
(3) पांचवीं विधानसभा (4) छठी विधानसभा (2)

व्याख्या– राजस्थान में प्रथम बार राष्ट्रपति शासन 13 मार्च, 1967 से 26 अप्रैल, 1967 तक लगाया गया था। इस दौरान राजस्थान में चौथी विधानसभा अस्तित्व में थी।

7. निम्न में से भारत के किस राज्य में द्वि–सदनात्मक विधानमण्डल नहीं है?
(1) महाराष्ट्र (2) उत्तरप्रदेश
(3) राजस्थान (4) कर्नाटक (3)

8. राज्य विधानमण्डल के प्रमुख रूप से कितने अंग माने गये हैं?
(1) तीन (2) चार
(3) दो (4) पाँच (1)

व्याख्या– राज्य विधानमण्डल के 3 प्रमुख अंग हैं।
1. राज्यपाल 2. विधानसभा 3. विधानपरिषद्

9. अनुच्छेद 172 (2) के तहत राज्य विधान परिषद् के सदस्यों का कार्यकाल कितना निर्धारित किया गया है?
(1) 4 वर्ष (2) 5 वर्ष
(3) 6 वर्ष (4) 7 वर्ष (3)

व्याख्या– विधानपरिषद के सदस्यों का कार्यकाल 6 वर्ष है, लेकिन विधानपरिषद एक स्थाई सदन है। इसके 1/3 सदस्य प्रत्येक 2 वर्ष बाद अवकाश ग्रहण कर लेते है तथा उनके स्थान पर नए सदस्य आते है। अतः विधानपरिषद एक स्थाई रूप से अनवरत चलने वाला सदन है। जिसका कभी विघटन/भंग नहीं होता है।

10. अनुच्छेद 172 (1) के तहत राज्य विधानसभा का कार्यकाल कितना निर्धारित किया गया है?
(1) 4 वर्ष (2) 5 वर्ष
(3) 6 वर्ष (4) 7 वर्ष (2)

व्याख्या– ध्यान रहे राज्य विधानसभा का कार्यकाल सामान्यतः 5 वर्ष निर्धारित है। लेकिन इस अवधि में मुख्यमंत्री समय से पूर्व भी राज्यपाल को परामर्श देकर विधानसभा का विघटन करा सकता है। राष्ट्रीय आपातकाल के समय संसद के अनुमोदन से एक बार में 1 वर्ष तक कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है। लेकिन आपातकाल समाप्त होने के बाद 6 माह में निर्वाचन अनिवार्य है।

11. राजस्थान की किस विधानसभा का कार्यकाल राष्ट्रीय आपातकाल के कारण बढ़ाया गया था?
(1) तीसरी विधानसभा (2) चौथी विधानसभा
(3) छठी विधानसभा (4) पांचवीं विधानसभा (4)

12. राज्य विधानमण्डल के निर्वाचित सदस्यों की शपथ का प्रावधान संविधान के किस अनुच्छेद में किया गया है?
(1) अनुच्छेद 172 (2) अनुच्छेद 188
(3) अनुच्छेद 199 (4) अनुच्छेद 204 (2)

व्याख्या– अनुच्छेद 188 के अनुसार विधानमण्डल के निर्वाचित सदस्यों को राज्यपाल या उसके द्वारा नियुक्त किसी सदस्य द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जाती है।

13. राज्य विधानमण्डल के सदस्यों की योग्यताओं का प्रावधान संविधान के किस अनुच्छेद में किया गया है?
(1) अनुच्छेद 173 (2) अनुच्छेद 176
(3) अनुच्छेद 199 (4) अनुच्छेद 181 (1)

14. राज्य विधानसभा का सदस्य निर्वाचित होने के लिए न्यूनतम आयु निर्धारित है?
(1) 18 वर्ष (2) 30 वर्ष
(3) 21 वर्ष (4) 25 वर्ष (4)

Lead Read and Achieve
Dhindhwal Publication

15. विधानसभा का सदस्य निर्वाचित होने के लिए निर्धारित योग्ताओं के संबंध में निम्न में से असत्य कथन है?
(1) वह भारत का नागरिक हो।
(2) वह किसी लाभ के पद पर कार्यरत नहीं हो।
(3) वह पागल या दिवालिया नहीं हो।
(4) उसकी उम्र 30 वर्ष से कम नहीं हो। (4)

**व्याख्या–** विधानसभा का सदस्य निर्वाचित होने के लिए न्यूनतम आयु 25 वर्ष निर्धारित है।

16. यदि कोई व्यक्ति राज्य विधानमण्डल के दोनों सदनों का सदस्य चुन लिया जाता है, तो उसे कितने दिनों में किसी एक सदन की सदस्यता त्याग करनी होगी?
(1) 10 दिन (2) 20 दिन
(3) 30 दिन (4) 40 दिन (1)

**व्याख्या–** यदि कोई व्यक्ति राज्य विधानमण्डल के दोनों सदनों का सदस्य चुन लिया जाता है, तो उसे 10 दिन की अवधि में किसी एक सदन की सदस्यता त्याग करनी होगी। ऐसा नहीं करने पर उस सदन में खाली स्थान माना जाएगा, जिसका वह पहले सदस्य था।

17. राज्य विधान परिषद् का सदस्य निर्वाचित होने के लिए न्यूनतम आयु निर्धारित है?
(1) 18 वर्ष (2) 30 वर्ष
(3) 21 वर्ष (4) 25 वर्षए (2)

18. राज्य विधानसभा की बैठक की अध्यक्षता करता है?
(1) मुख्यमंत्री (2) राज्यपाल
(3) विधानसभा अध्यक्ष (4) संसदीय कार्य मंत्री (3)

19. राज्य विधानसभा का सत्र बुलाने का अधिकार किसे है?
(1) राष्ट्रपति (2) राज्यपाल
(3) विधानसभा अध्यक्ष (4) मुख्यमंत्री (2)

**व्याख्या–** अनुच्छेद–174 के अनुसार राज्य विधानसभा का सत्र बुलाने तथा सत्रावसान करने का अधिकार राज्यपाल को है। सामान्यत: 1 वर्ष में 3 सत्रों का आयोजन किया जाता है।
1. बजट सत्र (फरवरी–मई) 2. मानसुन सत्र (जुलाई–सितम्बर)
3. शीतकालीन सत्र (नवम्बर–दिसम्बर)

20. राज्य विधानसभा के 2 सत्रों के मध्य अधिकतम कितना अंतराल हो सकता है?
(1) 2 माह (2) 4 माह
(3) 6 माह (4) 9 माह (3)

**व्याख्या–** दो सत्रों के बीच अधिकतम 6 माह का अन्तराल हो सकता है तथा इस अन्तराल को 'विश्रान्तिकाल' कहा जाता है।

21. विधानसभा की बैठक के लिए आवश्यक गणपूर्ति (कोरम) कुल सदस्यों का ..................है।
(1) 1/10 (2) 1/5
(3) 1/20 (4) 1/40 (1)

22. राज्य विधानमण्डल के सदस्यों के विशेषाधिकार का उल्लेख संविधान के किस अनुच्छेद में है?
(1) अनुच्छेद 170 (2) अनुच्छेद 172
(3) अनुच्छेद 199 (4) अनुच्छेद 194 (4)

23. राज्य विधानमण्डल में रखे जाने वाले धन विधेयक की परिभाषा का उल्लेख किस अनुच्छेद में है?
(1) अनुच्छेद 168 (2) अनुच्छेद 204
(3) अनुच्छेद 199 (4) अनुच्छेद 210 (3)

24. कोई विधेयक धन विधेयक है या नही ?, इसका निर्धारण कौन करता है?
(1) वित्त मंत्री (2) मुख्यमंत्री
(3) राज्यपाल (4) विधानसभा अध्यक्ष (4)

25. धन विधेयक के संबंध में राज्य विधान परिषद् को कितने दिन की विलम्बकारी शक्ति प्राप्त है?
(1) 7 दिन (2) 10 दिन
(3) 14 दिन (4) 30 दिन (3)

**व्याख्या–** धन विधेयक को राज्यपाल की अनुमति से केवल विधानसभा में ही रखा जा सकता है। विधान परिषद् इसे मात्र 14 दिन तक ही रोक सकती है, यदि इस समय वह इसे पारित न करे तो विधानसभा इसे पारित मान लेगी। राज्यपाल धन विधेयक पर स्वीकृति नहीं रोकेगा।

26. विधानसभा में पारित होने के बाद किसी साधारण विधेयक को विधान परिषद् अधिकतम कितने समय तक रोक सकती है?
(1) 1 माह (2) 2 माह
(3) 3 माह (4) 4 माह (4)

**व्याख्या–** कोई साधारण विधेयक जो विधानसभा में पारित होकर विधान परिषद् में जाता है तो विधान परिषद् उसे ज्यादा से ज्यादा 4 माह के लिए रोक सकती है। पहली बार में 3 माह के लिए और दूसरी बार में 1 माह के लिए।

27. दल–बदल के आधार पर विधानसभा सदस्यों को अयोग्य घोषित कौन करता है?
(1) राज्यपाल (2) मुख्यमंत्री
(3) विधानसभा अध्यक्ष (4) विधानसभा उपाध्यक्ष (3)

28. विधानसभा अध्यक्ष अपना त्यागपत्र किसे सौंपता है?
(1) मुख्यमंत्री (2) राज्यपाल
(3) विधानसभा उपाध्यक्ष (4) इनमें से कोई नहीं (3)


29. विधानसभा अध्यक्ष के बारे में निम्नलिखित में से असत्य कथन की पहचान करें–
(1) विधानसभा अध्यक्ष को राज्यपाल नियुक्त करता है।
(2) यह विधानसभा के सदस्यों में से मतदान के आधार पर चुना जाता है।
(3) यह अपना त्यागपत्र विधानसभा उपाध्यक्ष को दे सकता है।
(4) यह धन विधेयक का निर्धारण करता है। (1)


**व्याख्या–** अध्यक्ष के कर्त्तव्यों का निर्वहन के लिए राज्यपाल द्वारा अनुच्छेद–180 (1) के अन्तर्गत विधानसभा के किसी सदस्य की अस्थाई अध्यक्ष/कार्यवाहक/प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति करता है। प्रोटेम स्पीकर ही विधानसभा के सभी सदस्यों को शपथ दिलाता है। राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का चयन विधानसभा के सदस्यों में से ही मतदान के आधार पर किया जाता है।
विधानसभा का अध्यक्ष अपना त्याग–पत्र उपाध्यक्ष को देता है।

30. राज्य विधानसभा व राज्यपाल के बीच सूचना आदान–प्रदान में मध्यस्था की भूमिका कौन निभाता है?
(1) मुख्यमंत्री    (2) मुख्य सचिव
(3) विधानसभा अध्यक्ष    (4) विधानसभा उपाध्यक्ष    (3)

Lead, Read and Achieve
Dhindhwal Publication

## राजस्थान की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें –







टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

– Dhindhwal Publication

– धींधवाल पब्लिकेशन

– Dhindhwal Classes

– @Publication-DP

– Dhindhwal Publication

धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध है। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।